हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने ‘विश्व क्षय रोग दिवस’ के अवसर पर जिला कांगड़ा क्षय रोग अधिकारी कार्यालय, धर्मशाला; विश्विद्यालय के उन्नत भारत अभियान, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से देहरा नगर में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता (छात्र कल्याण), प्रो. अंबरीश महाजन, अधिष्ठाता (समाज विज्ञान), प्रो संजीत सिंह, प्रो. मनोज सक्सेना सहित विभाग के सभी शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों सहित उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत पांच गांवों के निवासियों ने भाग लिया।